द. अ. और ब

5. नाओमी को रूथ को छोड़ने के लिए राजी करना बंद करने के लिए किस बात ने राजी किया ?

अ. अकाल
ब. वह रो–रोकर थक गई थी
स. उसने देखा कि रूथ का मन बना हुआ था।
द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. नाओमी का गृहनगर कहाँ था ?

अ. बेथलहम ब. मोआब
स. जॉर्डन द. कनान

7. नाओमी ने उन्हें उसे मारा कहने के लिए क्यों कहा, जिसका अर्थ है कड़वा ?

अ. ''क्योंकि सर्वशक्तिमान ईश्वर ने मुझे कड़वे प्रहार दिए हैं''
ब. मैं पूरी तरह से बाहर गई और प्रभु ने मुझे खाली वापस खरीदा
स. उसे अपनी बेटियों की याद आती है
द. अ और ब सही

8. रूथ की पुस्तक में नाओमी के पुत्रों का उल्लेख कौन है ?

अ. एलीमेलेक और बोअज़
ब. महलोन और किल्योन
स. ओरपा और रूथ
द. ओबेद और जेसी

9. बोअज़ ने रूत के बारे में क्या पहचाना जो सबसे अलग था ?

अ. अपनी सास के प्रति प्रेम और दयालुता
ब. उसका पहनावा
स. अपने पति के प्रति उसका प्रेम
द. उसकी सुंदरता

10. बोअज़ ने खलिहान के पास रात क्यों बिताई ?

अ. दिन के उजाले में कटाई की जाती थी
ब. चोरी रोकने के लिए
स. अनाज की कटाई के लिए अपनी बारी का इंतज़ार किया
द. उपर्युक्त सभी

— सि. रीना, एम.एस.ए.

ANSWERS

1. स. एलीमेलेक
2. द. महलोन और किल्योन
3. स. ओरपा और रूथ
4. द. स और द
5. स. उसने देखा कि रूथ का मन बना हुआ था
6. अ. बेथलहम
7. द. अ और ब सह
8. ब. महलोन और किल्योन
9. अ. अपनी सास के प्रति प्रेम और दयालुता
10. द. उपर्युक्त सभी

त्यौहारों का त्यौहार

कलीसिया कई त्यौहार मनाती है, लेकिन त्यौहारों का त्यौहार, ''फीस्ट ऑफ द फीस्ट'', एक ही है और वह है ''ईस्टर''। हमारे हृदय में इस त्यौहार के लिए महत्वपूर्ण स्थान होना चाहिए। पास्का का रहस्य प्रभु येसु के दुखभोग और मृत्यु के पश्चात् समाप्त नहीं होता, बल्कि उनके पुनरुत्थान पर समाप्त होता है।

पुनर्जीवित येसु का संदेश

पुनर्जीवित येसु, एमाउस जाने वाले शिष्यों से बातचीत करते हुए कहते हैं:

"निर्बुद्धियों, नबियों ने जो कुछ कहा है, तुम उस पर विश्वास करने में कितने मंद हो! क्या यह अनिवार्य नहीं था कि मसीह यह सब दुख सहे और इस प्रकार अपनी महिमा में प्रवेश करें?" (संत लूकस 24:25–26)

पुनर्जीवित येसु महिमा में प्रवेश करते हैं, लेकिन इसके लिए उन्होंने दुखभोग और मृत्यु का मार्ग अपनाया। येसु ने कहा था:

"प्रसव के निकट आने पर गर्भवती स्त्री को दुख होता है क्योंकि उसका समय आ गया है। किंतु शिशु को जन्म देने के बाद वह अपनी वेदना भूल जाती है, क्योंकि उसे आनंद होता है कि संसार में एक मनुष्य का जन्म हुआ है।" (संत योहन अध्याय 16:21–22)

इसी तरह, येसु कहते हैं, "तुम लोग अभी दुःखी हो, किंतु मैं तुम्हें फिर देखूंगा और तुम्हारा हृदय आनंद से भर जाएगा। तुम्हारा आनंद कोई तुमसे छीन नहीं सकेगा।"

पुनरुत्थान के पश्चात, जब शिष्यों ने येसु को देखा, तो वे अत्यंत आनंदित हुए। उनका यह आनंद कोई उनसे छीन नहीं सकता था। इसी कारण प्रारंभिक ईसाइयों को ''पुनरुत्थान के अनुयायी'' कहा जाता है।

पुनर्जीवित प्रभु की उपस्थिति



येसु की मृत्यु के पश्चात, शिष्यगण माता मरियम के साथ प्रार्थना में लीन थे। पुनर्जीवित येसु उनके बीच आकर खड़े हुए। येसु को देखकर शिष्य आनंद से भर गए। उन्होंने कहा: "पवित्र आत्मा ग्रहण करो।" (संत योहन 20:22)

प्रार्थना के माध्यम से शिष्यों ने अनुभव किया कि येसु, जो पिता के दाहिने विराजमान हैं, वे हमारे साथ हैं। येसु ने कहा था: "मैं संसार के अंत तक तुम्हारे साथ हूँ।" (संत मत्ती 28:20)

पुनर्जीवित येसु ने शिष्यों को कई रूपों में दर्शन दिए – एक माली के रूप में, एक अपरिचित यात्री के रूप में, समुद्र तट पर खड़े व्यक्ति के रूप में, और भोजन परोसते मित्र के रूप में।

ईस्टर का आनंद

पुनर्जीवित येसु ने हमें यह संदेश दिया है कि जो लोग हमारे संपर्क में आते हैं, उनमें हम ईश्वर को पहचानें। येसु कहते हैं, "मैंने दिनहीन के चेहरों को अपनाया है। उनकी सेवा और सहायता करना ही मेरी सेवा है। यही ''ईस्टर का आनंद'' है।"

ईस्टर का एक और स्रोत है – पुनर्जीवित येसु को बाहरी इंद्रियों से परे, विश्वास के माध्यम से अनुभव करना। शिष्यों को प्रोत्साहित करते हुए येसु ने उन्हें मार्ग दिखाया।

''एमाउस का दृश्य:'' जब शिष्य एमाउस पहुँच गए, तो येसु आगे बढ़ने लगे। शिष्यों ने उनसे कहा: "संध्या हो रही है और दिन ढल चुका है, कृपया आज हमारे साथ रहें।"

यीशु, भवन के अंदर गए। भोजन के समय उन्होंने रोटी ली, आशीर्वाद की प्रार्थना की, उसे तोड़ा और शिष्यों को दी। तब शिष्यों ने उन्हें पहचान लिया।

इस घटना से पुनर्जीवित येसु की महा उपस्थिति का अनुभव होता है। यह ''पवित्र परम प्रसाद'' है, जो आज भी हमारे हृदय को ईस्टर के आनंद से भर देता है।

ईस्टर का संदेश

पुनर्जीवित प्रभु येसु ने अपने शिष्यों से कहा:

"तुम्हें शांति मिले। जिस प्रकार पिता ने मुझे भेजा है, मैं तुम्हें भेजता हूँ।"

येसु ने श्वास फूककर कहा, "पवित्र आत्मा को ग्रहण करो।"

यह आत्मा का आनंद, शांति, और भलाई का स्रोत है। यही आत्मा हमें पुनर्जीवित येसु के साथ जोड़ती है। यही हमारा ''ईस्टर का आनंद'' है।

ईस्टर वह त्यौहार है, जहाँ येसु के पुनरुत्थान का संदेश फैलाने के लिए मरियम मग्दलेना दौड़ी। सेंट पीटर और योहन ने कब्र जाकर इस सत्य को देखा। संत थॉमस ने येसु को छूकर विश्वास किया और कहा, ''"मेरे प्रभु, मेरे ईश्वर।"''

पुनर्जीवित येसु हमें बिना देखे विश्वास करने को कहते हैं। यही विश्वास हमारे जीवन को आनंद से भरता है। हम इस विश्वास और शांति के साथ आनंद मनाएं, क्योंकि येसु सचमुच जी उठे हैं! आल्लेलुया!

– सिस्टर दियोनिस्या, पीएसए

AJMER DEANERY

लीजन का वार्षिक समारोह, आसिस (Acies)

कूरिया अजमेर कार्यक्रम

लीजन ऑफ मेरी स्वर्गदूतों की रानी कूरिया अजमेर का वार्षिक समारोह ''आसिस'' (Acies) कैथेड्रल चर्च आल्टर पर दिनांक 25 मार्च 2025 को मिस्सा बलिदान के साथ मनाया गया । प्रतिवर्ष की भांति मैरी के प्रति सदस्यों के समर्पण का नवीनीकरण जो उनकी एकता और उनकी निर्भरता पर जोर देता हैश में लीजन ऑफ मेरी प्रेसेडियम कैथेड्रल, परबतपुरा, भट्टा व मदार से लीजन के सभी कुल 40 सदस्यों द्वारा इसमें भाग लिया गया तथा लीजन की प्रारम्भिक प्रार्थना व रोजरी के साथ लीजन के आध्यत्मिक गुरु फादर जोश मथाइस द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान चढाया गया।

लीजन ऑफ मेरी के प्रत्येक सदस्य ने ''वेक्सीलियम'' पर हाथ रख व्यक्तिगत और सामूहिक रुप से निष्ठा की सैन्य घोषणा ''हे मेरी रानी, है मेरी मॉ, मैं सम्पर्ण रुप से तेरा हूँ और जो कुछ मेरा है सब तेरा है।'' वचन को दोहराया तथा सामूहिक रुप से अपना समर्पण मॉ मारिया के प्रति किया और अगामी वर्ष के कार्यो के लिए शक्ति और आर्शीवाद प्राप्त करने के लिये अपने आप का समर्पण किया ।

फादर जोश मथाइस ने अपने प्रवचन में बताया कि आज कलीसिया दूत–संदेश का पर्व पर हमें बताती है कि आज से मुक्ति का कार्य के आरम्भ हेतु माता मरियम ने प्रभु की दासी बनकर प्रभु की इच्छा को स्वीकार किया और प्रभु की कृपापात्री बनी। लीजन का प्रत्येक सदस्य अपने वचन द्वारा अपनी प्रतिज्ञा कर अपना "सब कुछ जो मेरा है सब तेरा है" समर्पण करता है और प्रभु संदेश फैलाने में सभी लीजरनी अपना सर्वस्व अर्पित कर ईश्वर की



कृपा प्राप्त करने के अधिकारी है । जिस प्रकार माता मरियम प्रभु की कृपापात्री बनी । सभी लीजनरी कृपापात्र है।

इस समारोह का अर्थ है प्रार्थना, संस्कार द्वारा मरियम और ईश्वर के प्रति गहरा समर्पण तथा सेवा के माध्यम से पवित्र आत्मा के साधन बनने का प्रयास करना।

मिस्सा बलिदान के पश्चात लीजन ऑफ मेरी कूरिया के सचिव श्री बैन्जामिन ने सभी सदस्यों का स्वागत तथा अभिनंदन के साथ परिचय कराया तथा लीजन में लगातार बने रहने हेत सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया तथा पिछले साल स्वर्गवासी हुए लीजन के सदस्यों के लिए प्रार्थना की गई।

अल्पाहार व फादर से आर्शीवाद लेकर सभी ने विदा ली। लीजन ऑफ मेरी के द्वारा प्रभु का राज्य फैलाने व अधिक से अधिक सदस्यों को जोडने तथा कोटा और जोधपुर में चल रहे लीजन के लिए शुभकामनाओं के साथ ''आसिस'' कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। –आवे मरिया

– बैन्जामिन, सचिव,
स्वर्गदूतों की रानी कूरिया, अजमेर

भट्टापल्ली समाचार

महिला-दिवस

"सच्चरित्र नारियों की कमी नहीं किंतु तुम उन सब से श्रेष्ठ हो। रूप – रंग माया है और सुंदरता निस्सार है । प्रभु पर श्रद्धा रखने वाली नारी ही प्रशंसनीय है।"। (सूक्ति ग्रंथ – 31– 29–30)

भट्टापल्ली में 9 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया सभी महिलाएं हाथों में गुलाब का फूल लिए चर्च में जुलूस में सफेद साड़ी पहन कर आई और वेदी पर अपने–अपने मनोरथ के साथ ईश्वर को ईश्वर को फूल अर्पण किए सभी महिलाओं ने चर्च की गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लिया जैसे– प्रस्तावना पढ़ना, पत्र पढ़ना,गाना– गाना, चंदा लेना ,भेंट चढ़ाना आदि । प्रस्तावना में महिला दिवस के विषय में समझाया गया कि महिला दिवस कब और क्यों मनाया जाता है? इसे किसने शुरू किया और इसे अभी तक कितना लाभ हुआ? श्रद्धेय फादर कॉसमॉस शेखावत ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया और बाइबल से रूत,ऐस्तर, सारा और मरियम जैसी महान महिलाओं का उदाहरण देते हुए महिलाओं को संबोधित किया कि उन्होंने किस तरह भक्ति में जीवन बिताया सभी महिलाओं से भी अनुरोध किया कि वे उनके सामान भक्ति में दृढ़ बनाकर अपने समाज के उत्थान में हमेशा अग्रणी बने। अंत में सभी महिलाओं को बच्चों द्वारा माला पहनाकर उनको सम्मान दिया गया और एक ग्रुप फोटो खींचा गया।

पितृ-दिवस

19 मार्च को संत जोसेफ के त्योहार पर पितृ– दिवस मनाया गया ।उन्हें भी जुलूस में लाया गया । मिस्सा बलिदान उनके लिए चढ़ाया गया व संत जोसेफ का उदाहरण से अपने परिवार का पालन – पोषण किस प्रकार करना चाहिए । श्रद्धेय



फादर कॉसमॉस द्वारा उदाहरण देकर समझाया गया। अंत में सभी को मफिंस व वॉलेट बांटा गया। बच्चों द्वारा सभी पिताओं को माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया और ग्रुप फोटो खींचा गया।

भट्टापल्ली के बुजुर्गों की कहानी

भट्टापल्ली के लोगों को श्रद्धेय स्वर्गीय फादर साइमन व फादर थॉमस फर्नांडिस ने पता नहीं कैसी धर्म शिक्षा व सामाजिक शिक्षा दी जिसका आज तक हम आश्चर्य करते हैं कि उन्होंने पुराने लोगों को कैसे धर्म में लेकर उन्हें कैसे शिक्षित किया और आज तक उनके धर्म शिक्षा व नैतिक शिक्षा का मूल्य पुराने लोग आज तक बने हुए हैं। रोज चर्च में आना चला नहीं जाता फिर भी चर्च में आना। शनिवार शाम को रविवारीय मिस्सा बलिदान उन बुजुर्गों के लिए चढ़ाया जाता है जो सुबह जल्दी चर्च नहीं आ सकते लेकिन वे लोग सुबह ही चर्च आते हैं और सुबह ही आना पसंद करते हैं। क्रिसमस व नए साल पर कितनी सर्दी होती है ? आज के जवान बच्चे सुबह मिस्सा में आते हैं लेकिन बुजुर्ग लोग रात को ही मिस्सा में दिखाई देते हैं।

यह तो चर्च की बात हुई, सामाजिक शिक्षा की बात करें तो मैंने आज तक किसी बुजुर्ग को तेज आवाज में बोलते नहीं देखा, लड़ाई – झगड़े की

बात तो दूर है। क्या यह मनुष्य नहीं है? इनको भी तो गुस्सा आता होगा । यह भी तो जोर से चिल्ला कर अपना गुस्सा जाहिर कर सकते हैं। आज आप भट्टा में जाकर पूछ सकते हैं ,आप लोगों को ना में उत्तर ही मिलेगा । घमंड की बात करें तो घमंड ने तो उन्हें जरा भी नहीं छुआ। श्री जॉन बेपटिस्ट कितने पढ़े लिखे थे और दो–दो स्कूल चलाने वाले लेकिन हमेशा धरती से जुड़े रहे उन्हें जरा भी घमंड नहीं वैसे ही और भी कितने ही हमारे पल्ली में बुजुर्ग बड़ी नौकरियों पर रहे लेकिन घमंड उन्हें कभी भी नहीं छू सका क्योंकि उन्हें शिक्षा ही ऐसी मिली। जिस में अपना जीवन ईश्वर भक्ति में बिताते हुए चले गए व बिता रहे हैं। नए चर्च की बात करें तो हमारे बुजुर्ग लोग नए चर्च देखने की तमन्ना अपने दिल में ही लेकर चले गए ।उन्हें नए चर्च देखने की बड़ी इच्छा थी। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अनंत शांति प्रदान करें। आज के बच्चों की बात करें तो उन्हें चर्च की जरूरत ही नहीं है। आज तक हम लोग सोचते हैं कि हमारे बुजुर्गों को कितनी अच्छी शिक्षा व प्यार मिला

जो उन्होंने अपने फादर व सिस्टर का नाम रोशन किया, कभी नीचे नहीं गिरने दिया। पुराने फादर व सिस्टर को कोटि–कोटि नमन।

– श्रीमती मर्सी माला बंसीवार

होली रोजरी चर्च, मदार पल्ली-समाचार

नए पल्ली पुरोहित का स्वागत

होली रोजरी चर्च, मदार पल्लीवासियों को पुनः एक बार नए पल्ली पुरोहित का साथ मिला। फा. डोनी का बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ पल्ली में स्वागत किया गया। कलीसिया के नियमानुसार पूर्व पल्ली प्रोहित फा. मेलबिन और फा. संतोष द्वारा नए नियुक्त फादर को कलीसिया के रीति–रिवाज के अनुसार होली रोजरी चर्च का



पल्लीप्रोहित घोषित किया गया। फा. डोनी ने भी कलीसिया की ओर से दिए गए शपथ पत्र को पढ़ा। विधिवत मिस्सा बलिदान का आयोजन हुआ। मिस्सा के उपरांत पेरिष काउन्सिल और पल्लीवासियों द्वारा माल्यार्पण कर फादर का स्वागत किया गया। सभी के लिए चाय–नाश्ते की व्यवस्था की गई।

फा. मेलबिन की भावभीनी विदाई

मदार पल्लीवासियों को जब यह पता चला कि हमारे प्यारे पल्ली प्रोहित फा. मेलबिन का पद स्थानांतरण हो गया है, तो यह सुनकर जैसे सभी दुःख के सागर में डूब गए। फादर को पल्ली में कुछ ही साल हुए थे, लेकिन उनका मृदुल स्वभाव, उनकी प्यारी वाणी, उनका हँसना, मिस्सा के बाद सबके साथ मिलना, सभी घरों पर भ्रमण करना, विशेष रूप से बीमार परिवारों में जाकर बीमारों को आशीष देना, यूथ को निरंतर प्रेरित करना; यह सब मदार पल्ली के प्रति उनके प्रेम और निःस्वार्थभाव को दर्शाता है। फादर जी, हम आपको कभी भी भूल नहीं पाएंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस सेवाभाव के साथ आप हमेशा आगे बढ़ते रहें।

चालीसा काल का प्रारंभ

राखबुध, लेंट अर्थात चालीसा काल के आरंभ का प्रतीक है। यह चालीसा काल राखबुध से शुरू होकर पवित्र गुरुवार को समाप्त होता है। राखबुध

पर मिस्सा बलिदान चढ़ाकर सभी पल्लीवासी अपने माथे पर राख लगाते हैं। प्रभु येसु के दुःखभोग काल को याद कर अपने आप को पश्चाताप और विनम्रता के रूप में समर्पित करते हैं। पूरे चालीस दिन प्रार्थना, उपवास और आत्मचिंतन में अपने आप को समर्पित करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन

8 मार्च, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को मान्यता देता है। साथ ही महिला अधिकारों और लैंगिक समानता की वकालत करता है। देशभर में इस दिवस को बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में मदार पल्ली में महिला मंडल द्वारा सभी महिलाओं के साथ मिलकर यह समारोह मनाया गया। इसके तहत आराधना के साथ रोजरी माला और मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। विशेष आशीष की प्रार्थना भी की गई। महिलाओं द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान में पाठ पठन, निवेदन, चढ़ावा इत्यादि में भाग लिया गया। मिस्सा के अंत में सभी महिलाओं को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पल्ली प्रोहित फा. मेलबिन के हाथों से उपहार वितरित किए गए।



प्रभु का दुःखभोग (क्रूस का रास्ता)

इस चालीसा काल में प्रभु येसु मसीह के दुःखभोग की यात्रा अर्थात क्रूस यात्रा का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को किया गया। इसमें सभी पल्लीवासी पूर्ण भक्ति और श्रद्धा से भाग लेते हैं। इसे और भक्तिमय और सहभागीपूर्ण बनाने के लिए प्रत्येक यूनिट को इस क्रूस यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी गई। यात्रा स्थान पठन, क्रूस को लेकर चलना इत्यादि की जिम्मेदारी यूनिट के सदस्यों को दी जाती है। इस प्रकार प्रत्येक शुक्रवार इस यात्रा का आयोजन किया गया। इस प्रकार मसीह के दुःखभोग की यात्रा को समर्पण और श्रद्धा से मनाया जा रहा है।

– आनंद फेलिक्स

JODHPUR DEANERY

St. Mother Teresa Church, Kudi

International Women's day celebration

We, the parishioners of St. Mother Teresa Church, Kudi, Jodhpur, celebrated a beautiful and meaningful Women's Day on 9th March 2025. The celebration brought everyone together in a spirit of enthusiasm and devotion. The event commenced with a vibrant procession led by the women of the parish, symbolizing their strength and grace.

An inspiring introduction was delivered by Mrs. Kajal Samuel, who highlighted the invaluable contributions of women to families and society. Rev. Fr. Lourdu Joseph served as the main celebrant, while Rev. Fr. Shubham performed the Gospel reading. In his homily, he emphasized the significant role of women in the Church and their immense contributions to the world.

A special offertory was organized by the Women's Commission, during which they presented provisions of daily use to support the poor and needy in our parish. The celebration concluded with a joyful cake-cutting ceremony to honor the occasion, followed by the distribution of tea and snacks to all the parishioners. This fostered a sense of unity and



togetherness among everyone present.The event served as a heartfelt tribute to the strength, love, and unwavering faith of women, making the day truly memorable for all.

- Mrs. Stella David

St. Pius X Church, Jhalamand

Women's Day Celebration

"She opens her mouth with wisdom, and teaching of kindness on her tongue." - Proverb 31:26



Highlighting the above quote from the Bible, the parish of St. Pius X Church, Jhalamand, took the initiative to celebrate Women's Day on the 9th of March, 2025. The day commenced with a Eucharistic celebration led by Fr. David John. During the Mass, the introduction and homily emphasized the vital role and significance of women within the family and society. Women were recognized as God's beautiful creation and a blessing on Earth, serving as the pillars of strength in building family life. A total of 25 women attended the Mass.

Following the Eucharistic celebration, all the women of the parish, along with three sisters, were honored with tokens of love and appreciation for their dedicated service to society, the Church, and their families. After the Mass, everyone gathered for refreshments, fostering a sense of solidarity and community.

- Sr. Flory D'monte

Women's Commission Input Session

The Input Session for the Women's Commission was held on 23rd February 2025 at St. Anthony's Convent School, Kuri, Jodhpur, under the leadership and guidance of Rev. Fr. Lourdu Joseph.

The session commenced with a warm welcome for Rev. Fr. Lourdu Joseph, Dean of Jodhpur Deanery; Rev. Fr. Shubham Peter; resource persons Rev. Sr. Jacinth, M.S.A., Dr. Hilda Charles, and Dr. Rosaline Paul; along with delegates from various churches of Jodhpur Deanery. Scripture reading by Miss Swapna Fernandes, followed by an opening prayer led by Rev. Fr. Lourdu Joseph, created a spiritually uplifting atmosphere for the gathering.

Dr. Hilda Charles highlighted the salient features of the Women's Commission, including its objectives, the social challenges faced by women, and the importance of women's empowerment, using engaging aural and visual presentations. She addressed an audience of 49 delegates with her insightful message.

The Jubilee Year 2025 and its significance—including the jubilee logo and planned celebrations—were emphasized with references to the Book of Leviticus (Chapter 25).

Rev. Sr. Jacinth inspired attendees by sharing examples from the lives of Mother Mary, the prophetess Anna, Mary Magdalene, and St. Monica, highlighting the virtues of

prayer, love, and forgiveness. She beautifully described women as extraordinary creations of the Divine Master, who manifest His compassion abundantly. She encouraged women to be like pencils in God's hands and urged reflection on how to gain plenary indulgences during the Jubilee Year 2025.

The session also included a collaborative group activity, where delegates from different parishes of Jodhpur Deanery discussed the "what, where, how, and when" of the various jubilee activities planned for the year.

Tea and snacks were served to all participants, fostering a spirit of camaraderie. The session concluded with a heartfelt vote of thanks delivered by Mrs. Stella David, leaving the attendees inspired and united.

- By Mrs. Asha Nazareth

KOTA DEANERY

Pilgrimage to Jhansi

St. Paul's Church, Vallabh Nagar, Kota

A Jubilee Year is a particular year set aside every 25 years to encourage the faithful to embark on pilgrimages, to repent of their sins and forgive the sins of others and to renew a focus on the spiritual life. A plenary indulgence is granted to 'those who are truly repentant and free from any affection for sin, who are moved by a spirit of charity and who, during the Holy Year, purified through the sacrament of penance and refreshed by Holy Communion, pray for the intentions of the Supreme Pontiff'. This can also be applied in suffrage to the souls in purgatory.

With this in mind, Rev. Fr. Joseph Crasta (Parish Priest) & Rev. Fr. Nithin Stellus, (Asst. Parish Priest) organized a pilgrimage for the parishioners of St. Paul's Parish, Kota, to the Shrine of St. Jude in Jhansi. 66 members elected to make the pilgrimage. We left Kota at 5.30 am by bus. The Rosary and other prayers were



prayed and hymns were sung along the way. We had our fun too. Jokes flew back and forth and the game of 'Antaakshari' had us frantically searching our repertoire of hymns and songs to find the appropriate ones to sing. The youth were enthusiastic and cheerful and sang with gusto. The elders sang sedately, fondly recalling songs and hymns from their youth. Chocolate, juice and savouries were passed around which added to the enjoyment of the journey.

A brief stop for a breakfast of buns, jam, eggs and fruit and we were on our way again. At Jhansi, we were served a welcome 'nibble' of 'Poha' and tea. Rooms were opened for us to freshen up or take a little rest before Mass. Some rested, others sat under the trees. Many entered the church to prepare themselves for Mass.

Fr. Valerian D'souza gave the introduction to the Mass and spoke with great fondness of St. Jude and of the efficacy of the prayers prayed to him. Rev. Fr. Crasta and Rev. Fr. Stellus offered the Eucharistic Sacrifice for us. At the conclusion of the Mass the Novena to St. Jude was prayed and the relic of St. Jude venerated and offered to the people to kiss. Every pilgrim was then blessed with holy oil. All stood at the Altar dedicated to St. Jude and silently offered their personal prayers.

There followed a wonderful lunch after which we were free to pray in the Church or make the Way of the Cross round the outdoor

scenes of Jesus' journey to Calvary. After tea and snacks we set out for Kota. The return journey was sombre with prayers quietly prayed and hymns softly sung.

We reached Kota at about 10.00 pm, rather tired but content. A delightful surprise awaited us. A packed dinner for each one.

Thank you, Lord, for having called us together as pilgrims, Pilgrims of Hope. We beseech You to pour out Your blessings on us, that we may stand strong in our faith and hope eternally in your mercy. We pray that those who could not join us will also be blessed by You.

Thank you, Father Crasta & Fr. Stellus, for being instrumental in organizing this pilgrimage thereby enriching our spiritual lives. God bless you both.

- Genevieve D'silva,
Parish of St. Paul, Kota

सुकेत समाचार

महिला दिवस

दिनांक 9 मार्च को संत मिखेल पल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने पूरे जोश और सहभागिता के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा मिस्सा बलिदान से हुई, जिसमें उन्होंने प्रभु का धन्यवाद करते हुए समाज और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात सभी के लिए स्वादिष्ट नाश्ते का आयोजन किया गया।

नाश्ते के बाद महिलाओं के लिए विशेष रूप से एक प्रेरणादायक सेशन रखा गया, जिसमें उनके जीवन के महत्व, समाज में उनके योगदान और उनके आत्मबल व उत्साह को और अधिक मजबूत करने पर चर्चा की गई। यह सत्र महिलाओं के लिए काफी प्रेरक और उत्साहवर्धक रहा।

इसके बाद मनोरंजनात्मक खेल–कूद और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। खेलों के माध्यम से उनके चेहरे पर मुस्कान और आपसी सौहार्द देखने योग्य था।

अंत में स्वादिष्ट दोपहर के भोजन के साथ यह कार्यक्रम समाप्त हुआ। संपूर्ण आयोजन महिलाओं के सम्मान, उनके सशक्तिकरण और उनके योगदान को स्मरण करने का एक सुंदर अवसर बना। सभी ने इस दिन को यादगार बनाया और एकता व खुशी के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

पितृ – दिवस

दिनांक 23 मार्च को संत मिखेल पल्ली में पिता दिवस का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर पल्ली के सभी पुरुषों ने मिलकर कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुरुषों द्वारा मिस्सा बलिदान से हुई, जिसमें सभी ने प्रभु का धन्यवाद किया और अपने परिवारों के लिए आशीर्वाद मांगा। मिस्सा के पश्चात दोपहर 12 बजे डैल (मिखेलपूरा सिंचाई योजना) की सभा आयोजित की गई, ।

सभा के बाद स्वादिष्ट दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया।



यह आयोजन न केवल पिता के रूप में पुरुषों की भूमिका और उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर बना, बल्कि आपसी भाईचारे और एकता को भी और अधिक मजबूत किया। समारोह का वातावरण पूरी तरह आनंदमय और प्रेरणादायक रहा।

KARUNALAYA PROGRAM



IGNITE 2025

Karunalaya Ashram is organizing an outreach program "IGNITE 2025" on Sunday, 27th April 2025 for Catholic young boys and girls aged 21 years and above where they can come together on one platform to introduce themselves to each other and get to know each other and get help in choosing their future life partner.

Interested youth are requested to fill the Google form using the following link and submit latest by 20th April 2025.

https://forms.gle/QeWJ8hBXcJWaZRD29

करुणालय आश्रम, रविवार दिनांक 27 अप्रैल 2025 को 21 वर्ष एंव अधिक के काथलिक युवक-युवतियों के लिए एक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिसमें वे एक मंच पर एकत्र होकर एक दूसरे से परिचय कर एक दूसरे को जान सकते हैं और अपने भावी जीवन साथी का चुनाव करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इच्छुक युवाओं से अनुरोध है कि कृपया निम्नलिखित लिंक जो कि गूगल फॉर्म है, भरें और दिनांक 20 अप्रैल तक जमा करें।

https://forms.gle/QeWJ8hBXcJWaZRD29

PLEASE REGISTER TO PARTICIPATE
Last date to register 20.04.2025

For any enquiries, please contact :-

Sr Vinaya MSA - 6378419670 **Fr Joban OFM Cap - 8384070144**

St. Faustina Kowalska – "At Easter, the rays of mercy shine brightest upon the world."



अमर वचन

चालीसा का पाँचवां रविवार, 7 अप्रैल

इसायाह अध्याय 43:16 - 21 फिलिप्पियों 3:8-14 योहन 8:1-11

आज का शब्द समारोह ईश्वर पापियों के प्रति करुणा विषय पर मनन–चिंतन करने के लिए हमें आमंत्रित करते हैं। एक बार एक कारागृह प्रभारी आर्चबिशप फुल्टन शीन से आग्रह करते हैं कि वे कैदियों को संबोधित करें। कैदियों से रु–ब–रु होते हुए वे अपने वक्तव्य को इस प्रकार शुरू करते हैं:

"साथियों! आप लोग जो कैद में हैं और हम लोग जो कैद से बाहर हैं, हमारे बीच केवल एक बात का अंतर है और वह यह है कि तुम लोग पकड़े जा चुके हो और हम लोग अब तक नहीं।"

यद्यपि इस वक्तव्य में व्यंग्य झलकता है, लेकिन इसमें गंभीरता भी है। यदि हम अपने गिरेबान में झाँककर देखें, तो हमें ज्ञात हो जाएगा कि जाने–अनजाने में हम लोग भी कई बार अपने विचारों, वचनों और कर्मों से अपराध कर चुके हैं। लेकिन ईश्वरीय करुणा की बदौलत हम अब तक सुरक्षित हैं।

विडंबना यह है कि हम ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होने की अपेक्षा दूसरों के समक्ष अपनी काबिलियत प्रस्तुत करने लगते हैं। हम कितने काबिल हैं, यह जानना है तो अपने आप से एक सवाल करेंकृक्या मैं अपनी ज़िंदगी के हर पहलू को अक्षरशः सार्वजनिक कर सकता हूँ? शायद नहीं, क्योंकि हम लोग अपने बारे में केवल वही बातें बताते और दिखाते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को चार चाँद लगाती हैं, जबकि अपनी खामियों को छुपाए रखते हैं।

इसीलिए आर्चबिशप फुल्टन शीन ने कैदियों से यह बात कही थी कि वे लोग पकड़े जा चुके हैं और हम अब तक नहीं। इस वास्तविकता को आज के शुभ संदेश में हम चरितार्थ होते हुए पाते हैं।

शास्त्रियों और फरीसियों ने येसु की परीक्षा लेने हेतु एक स्त्री को पकड़कर येसु के पास लाया और उस पर व्यभिचार करने का अभियोग लगाते हुए मूसा की संहिता का हवाला देते हुए उसे प्राणदंड की सजा सुनाने की माँग करने लगे। लेकिन हम पाते हैं कि येसु बिना कुछ कहे झुककर ज़मीन पर अपनी उँगलियों से कुछ लिखते रहे।

येसु ने ऐसा क्या लिखा होगा? बहुत सारे धर्मशास्त्र के विद्वानों का मत है कि येसु ने ज़मीन पर एक सवाल लिखा था – "वह पुरुष कहाँ है?" व्यभिचार के कुकर्म के लिए दोनों का होना अनिवार्य है। वे सिर्फ़ स्त्री को पकड़ लाए, लेकिन पुरुष को नहीं। यही कारण था कि शास्त्री और फरीसी वहाँ से बिना कुछ कहे चले गए। लेकिन जो अब तक वहाँ खड़े थे, उनसे येसु एक मौखिक आह्वान करते हैं –"जो निष्पाप है, वही पहला पत्थर मारे।"

हम पाते हैं कि इस पर छोटे से बड़े सभी वहाँ से चले जाते हैं। तब येसु उस स्त्री से पूछते हैं, "क्या किसी ने तुम्हें दंड दिया?" वह कहती है, "नहीं।" इस पर येसु कहते हैं, "मैं भी तुम्हें दंडित नहीं करूँगा।

जाओ और दोबारा पाप मत करना।"

हम आज चालीसा के पाँचवें और अंतिम सप्ताह में प्रवेश कर चुके हैं। अगले सप्ताह हम पुण्य सप्ताह में प्रवेश करेंगे। हमें अपने अंत:करण की जाँच करनी चाहिए। दूसरों पर अभियोग लगाने की बजाय हमें स्वयं की मनोवृत्ति का शुद्धिकरण करना चाहिए। हमें दूसरों की आँख में पड़े तिनके को नहीं, बल्कि अपनी आँख में पड़ी लट्ठ को देखना चाहिए और उसे पहले निकालना चाहिए (संत मत्ती 7:3)।

हमें इस बात का ख़याल रखना चाहिए कि ईश्वर पापियों से नहीं, बल्कि पापों से नफ़रत करते हैं। अत: हमें भी उड़ाऊ पुत्र की भाँति एक पश्चातापी, दीन–हीन हृदय के साथ प्रभु के पास शीघ्रता से लौट जाना चाहिए, ताकि हम पुनर्जीवित येसु की आशीष ग्रहण करने के योग्य बन जाएँ।

खजूर रविवार

लूकस 19:28-40 इसायाह 50:4-7 फिलिप्पियों 2:6-11 लूकस 22:14-23:56

आज से हम पुण्य सप्ताह का शुभारंभ करते हैं। यह हमारे लिए एक शुभ अवसर है ताकि हम येसु के दु:ख, भोग, मृत्यु और पुनरुत्थान से अर्जित पुण्य फलों को प्राप्त कर सकें।

जिस गधे पर सवार होकर येसु यरूशलेम की अपनी अंतिम यात्रा करते हैं, वही गधा अगले दिन अपने अन्य साथियों से एक आश्चर्यजनक प्रश्न करता है – "यह कैसे संभव है कि कल जो लोग मेरे रास्ते में जैतून की हरी पत्तियाँ और चादरें बिछा रहे थे, हाथों में खजूर की डालियाँ लिए मेरा जय–जयकार कर रहे थे, वही लोग आज मुझे पहचानने से भी इनकार कर रहे हैं?" उसके साथियों ने उसे समझाया कि लोग तुम्हारी नहीं, बल्कि तुम्हारे ऊपर सवार प्रभु की आराधना कर रहे थे।

1. ईश्वर से जुड़े रहने से ही हमारी पहचान है:

हम वचन में पढ़ते हैं कि दाखलता से अलग रहकर डालियाँ फल उत्पन्न नहीं कर सकतीं (संत योहन 15:4)। यद्यपि हम अपनी सभी सफलताओं का श्रेय अपनी प्रतिभा को देते हैं, लेकिन सच्चाई यही है कि हम ईश्वर से अलग रहकर केवल पाप कर सकते हैं, पुण्य का कार्य नहीं।

2. केवल ईश्वरीय ही विश्वासनीय है:

हमारे अच्छे समय में हमारे चारों ओर लोगों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन संकट में कोई साथ नहीं देता। इसके विपरीत, जिससे हमें अपेक्षा होती है, वही सबसे पहले हमें त्याग देता है और विपरीत समय पर हम पर आरोप भी लगाता है। वही लोग जो येसु के यरूशलेम प्रवेश पर जय–जयकार कर रहे थे, अगले दिन "उसे क्रूस दिया जाए" का नारा लगाते हुए पाए जाते हैं। इसलिए मनुष्य से हमें कोई अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए, बल्कि केवल ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए। क्योंकि जब ईश्वर हमारे साथ हैं, तो कोई भी हमारे विरुद्ध खड़ा नहीं हो सकता (रोमियों 8:31)।

3. समय सदा एक जैसा नहीं रहता:

जिस प्रकार अंधकार के बाद उजाला, रात के बाद दिन, और गुड फ्राइडे के बाद ईस्टर आता है, उसी प्रकार दु:ख के बाद सुख भी आता है। हमें सभी परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें अपनी सभी समस्याओं को अपने ईश्वर पर सौंप देना चाहिए, क्योंकि हमारा महान याजक येसु मसीह ऐसा नहीं है जो हमारी निर्बलताओं के प्रति सहानुभूति न रखे। पाप को छोड़कर, अन्य सभी दु:खों का उन्होंने स्वयं

अनुभव किया है (इब्रानियों 4:15)।

तो आज जब हम जुलूस में राजाओं के राजा येसु मसीह का जय–जयकार करते हुए आगे बढ़ेंगे, तो हमें उन सभी को दिल से क्षमा कर देना चाहिए जिन्होंने संकट के समय हमारा साथ देने के बजाय हम पर आरोप लगाया, और प्रभु से पूर्णतः जुड़ने का प्रयास करना चाहिए।

पुण्य गुरुवार 17 अप्रैल

निर्गमन 12:1-8, 11-14 1 कुरिन्थियों 11:13-26 योहन 13:1-15

आज की पूजन विधि में हम तीन प्रमुख घटनाओं के साक्षी बनते हैं।

1. पद प्रक्षालन :

येसु अपने शिष्यों के पैर धोते हैं। येसु ने कई बार विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से, जैसे – राई का दाना, छोटे बालक, भेड़ और गड़ेरिया, तथा नाकेदार और फ़रीसी, अपने शिष्यों को विनम्रता का पाठ सिखाया था। इसके बावजूद, शिष्य येसु की अनुपस्थिति में केवल इस बात पर बहस करने लगते थे कि उनमें सबसे बड़ा कौन है।

इसलिए, येसु अपने अंतिम समय में शिष्यों को विनम्रता और सेवा का पाठ पढ़ाने के लिए सबसे उत्तम उदाहरण चुनते हैं – वे उनके पैर धोते हैं, जो कि परंपरा के विरुद्ध था। पेत्रुस द्वारा विरोध करने पर येसु कहते हैं, "यदि मैं तुम्हारे पैर न धोऊं तो तुम्हारा मेरे साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।" फिर वे कहते हैं, "जैसा मैंने तुम्हारे साथ किया, वैसा ही तुम एक–दूसरे के साथ किया करो।" येसु के साथ हमारा संबंध तभी जुड़ता है जब हम विनम्रता से जरूरतमंदों की निःस्वार्थ सेवा करते हैं।

2. पवित्र परम-प्रसाद संस्कार की स्थापना:

येसु अपने शिष्यों के साथ अपना अंतिम भोजन करते समय पवित्र यूखरिस्त संस्कार की स्थापना करते हैं। वे उस सत्य को जो वे अगले दिन क्रूस पर पूरा करने वाले थे, मौखिक रूप से व्यक्त करते हैं। वे रोटी को लेकर धन्यवाद की प्रार्थना करते हैं, उसे तोड़कर अपने शिष्यों को देते हुए कहते हैं: "तुम सब इसे लो और खाओ, क्योंकि यह मेरा शरीर है जो तुम्हारे लिए बलि चढ़ाया जाएगा।"

इसके बाद, वे दाखरस का कटोरा लेकर पुनः धन्यवाद की प्रार्थना करते हैं और अपने शिष्यों को देते हुए कहते हैं: "तुम सब इसे लो और पियो, क्योंकि यह मेरे रक्त का कटोरा है – नवीन और अनंत व्यवस्था का रक्त, जो तुम्हारे और बहुतों के पापों की क्षमा के लिए बहाया जाएगा।" फिर वे शिष्यों से कहते हैं, "तुम मेरी स्मृति में यह किया करो।"

हम इस स्मृति को तब तक मनाते रहेंगे जब तक प्रभु न्याय करना बंद कर संसार के न्याय के लिए पुनः पधारेंगे। इसलिए, पवित्र परम–प्रसाद संस्कार ईसाई विश्वास का केंद्र है। जब भी पवित्र यूखरिस्त संस्कार मनाया जाता है, तो स्वयं प्रभु येसु ख्रीस्त याजक और बलि बनकर इस क्रिया को संपन्न करते हैं। इसलिए, यह संस्कार याजक की पवित्रता पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह स्वयं येसु ख्रीस्त हैं जो महायाजक बनकर इस संस्कार को संपन्न करते हैं। याजक केवल एक माध्यम होता है। इसलिए, हमें इस संस्कार में योग्य रूप से सम्मिलित होना चाहिए, क्योंकि पवित्र वस्तु पवित्र लोगों के लिए बनी है।

3. पुरोहिताई संस्कार की स्थापना :

पवित्र यूखरीस्त संस्कार येसु के पुनरागमन तक मनाया जाना है। इसी कारण, इस संस्कार के अनुष्ठान हेतु प्रभु ने अपने सेवकों (याजकों) को नियुक्त किया। इस प्रकार, वे आज के दिन याजकाई संस्कार की स्थापना भी स्वयं संपन्न करते हैं। याजक भी हाड़–मांस का बना इंसान होता है। वह स्वभाव से योग्य नहीं होता, लेकिन ईश्वरीय बुलाहट प्राप्त करने के बाद उसे ईश्वरीय कृपा से योग्य बनाया जाता है। याजक ईश्वर और मनुष्य के बीच एक माध्यम बनता है और येसु का उत्तराधिकारी होता है। यह एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी होती है।

इसलिए, जब तक हम, प्रभु की प्रजा, प्रार्थना में ईश्वर के सामने अपने घुटने टेके रहकर अपने याजकों के लिए प्रार्थना नहीं करेंगे, तब तक वे अपनी ज़िम्मेदारियों को पूर्ण ईमानदारी से निभाने में डगमगाते रहेंगे। हमें अपने याजकों की कमियों को उजागर करने में ही रुचि नहीं रखनी चाहिए, बल्कि उनके लिए प्रार्थना भी करनी चाहिए।

आज मुख्य वेदी से पवित्र संस्कार को निकालकर विश्राम वेदी (ऑल्टर ऑफ़ रिपोस) पर रखा जाता है, जो हमें अंतिम व्याख्यान के बाद गेत्सेमनी वाटिका में येसु की दुःखभोग से पूर्व की दारुण प्रार्थना का स्मरण कराता है। तीन बार येसु अपने शिष्यों को नींद से जगाते हैं और कहते हैं, "जागते रहो और प्रार्थना करो ताकि परीक्षा में न पड़ो।" लेकिन शिष्यों की आत्मा तत्पर थी, पर शरीर दुर्बल था, और वे प्रार्थना नहीं कर पाए।

हमारे साथ ऐसा न हो, नहीं तो वही प्रश्न हमसे भी पूछा जाएगा: "क्या तुम एक घड़ी भी जागते हुए मेरे साथ प्रार्थना नहीं कर सकते?"

पुण्य शुक्रवार 18 अप्रैल

इसायाह 52:13-53:12 इब्रानियों 4:14-16, 5:7-9 यूहन्ना 18:1-19:42

येसु ने अपने शिष्यों से अंतिम ब्यालु के वक्त कहा था – " मेरा रक्त नवीन और अनंत व्यवस्था का रक्त है जो बहुतों के पापों के लिए बहाया जाएगा।" लिओन सियाना की घटना इस तथ्य का प्रमाण है, जहाँ पवित्र परम प्रसाद जीवित मांस के टुकड़े में परिवर्तित हो जाता है और वैज्ञानिक निरीक्षण में यह प्रमाणित किया जाता है कि यह मांस का टुकड़ा मनुष्य के हृदय का भाग है। हृदय रक्त संचार करता है और जीवन प्रदान करता है। रक्त बपतिस्मा संस्कार को संकेत करता है, जल पवित्र आत्मा को, और जिस फेफड़े से हम सांस लेते हैं वही प्राणवायु पुनर्जीवित येसु अपने शिष्यों को प्रदान करते हैं। वे उनके ऊपर फूंकते हुए कहते हैं, "पवित्र आत्मा को ग्रहण करो।"

वे आज भी हमारे लिए अपनी बाहों को फैलाए खड़े हैं ताकि वे हमें अपने आगोश में जकड़ लें। येसु अपनी आत्मा को पिता ईश्वर को समर्पित करने से पूर्व प्रार्थना करते हैं, "हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।" हमारी गलतियों के लिए, हमारी ओर से वे पिता ईश्वर से क्षमा माँगते हैं। हमें यूदस की तरह आत्मग्लानि से भरकर नहीं, बल्कि एक कृतज्ञ हृदय से प्रभु के समक्ष आना चाहिए। आज जब हम पवित्र क्रूस की उपासना करने और उसे चूमने को आगे बढ़ें, तो अपने हृदय में यह कहें, "जिस असीम प्रेम से तूने मुझे प्यार किया, वैसा और कोई नहीं कर सकता। धन्यवाद मेरे येसु।

पास्का जागरण 19 अप्रैल

प्रिय मित्रों, आज की इस पावन रात्रि को क्या चीज़ महत्वपूर्ण बनाती है? संत फ्रांसिस ने एक बार कहा था, "समस्त संसार का अंधकार भी एकलौती मोमबत्ती की लौ को नहीं बुझा सकता।" यह एक लड़ाई की मोमबत्ती है, हमारे पुनरजीवित मृत्युंजय। आज की पूजन विधि अन्य सभी समारोहों से अलग और लंबी है, क्योंकि आज कोई सामान्य समारोह नहीं, बल्कि एक महान चमत्कार का उत्सव है, जिसे पहले किसी ने न देखा और न देख पाएगा। यह मानव जाति के इतिहास में घटने वाली एकमात्र चमत्कारी घटना है, और वह है मृत्यु पर विजय – प्रभु का पुनरुत्थान। यही घटना आज की इस रात्रि को विशेष बनाती है।

वैसे मृत्यु के बाद जीवन तो लाजरुस और नाईन की विधवा के पुत्र को भी प्राप्त हुआ था, लेकिन वे पुनः मृत्यु को प्राप्त हुए। किन्तु प्रभु एक बार पुनर्जीवित होकर सदा–सर्वदा के लिए जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रभु का पुनरुत्थान मानव इतिहास की एक अनोखी घटना है। चमत्कार को सबसे महान चमत्कार दो दृष्टिकोणों से माना गया है।

1. प्रेम ही मृत्यु का उपचार है :

पाप का परिणाम मृत्यु है और मृत्यु का उपचार न तो किसी अस्पताल में संभव है और न ही किसी विष–घर में। मृत्यु का उपचार मात्र प्रेम से संभव है। आज के वर्तमान समय में ऐसे कई लोग हैं जो केवल सांस ले रहे हैं, लेकिन जीवित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने प्रेम करना बंद कर दिया है। अन्याय को देखकर भी अनदेखा और अनसुना कर देते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे भी लोग हैं जो आज जीवित न रहते हुए भी हमारी यादों में जीवित हैं, क्योंकि उन्होंने दूसरों से प्रेम किया और प्रेम करना सिखाया। कोलकाता की संत मदर टेरेसा कहती हैं, "आज संसार में लोग बीमारियों से कम, लेकिन प्रेम की कमी से अधिक मर रहे हैं।"

प्रेम का सर्वोत्तम प्रमाण और उदाहरण स्वयं प्रभु यीशु मसीह हमें देते हैं। क्रूस पर लटकते हुए भी, लोगों के लिए अपने पिता ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, उनके लिए क्षमा याचना करते हैं, न कि उनके लिए श्राप या दंड की मांग करते हैं। इसलिए येसु की यह प्रार्थना "हे ईश्वर, मेरे ईश्वर, तूने मुझे क्यों त्याग दिया?" निराशा से भरी प्रार्थना नहीं है, बल्कि एक अटल विश्वास से भरी प्रार्थना थी, क्योंकि उन्हें अपने पिता ईश्वर पर भरोसा था कि वह पापी मनुष्य को अवश्य क्षमा कर देंगे। मानव जाति के प्रति यीशु के इसी असीम प्रेम के कारण मृत्यु उन्हें अपने वश में नहीं रख सकी। प्रेम ही मृत्यु का अंतिम तत्व है जिसने विजय प्राप्त की।

2. ईश्वर ने मनुष्यों के पाप को अपनी करुणा से धो डाला:

मनुष्य का पाप ईश्वर की करुणा से बड़ा कदापि नहीं हो सकता। कई संतों ने इस बात की पुष्टि की है कि यद्यपि बहुत से लोग प्रभु के दस नियमों के खिलाफ पाप नहीं करने के बावजूद भी स्वर्ग नहीं जाते हैं, क्योंकि जब वे जीवित थे, तब उन्होंने दूसरों के प्रति करुणा और दया का भाव नहीं रखा। इसलिए वह धनी व्यक्ति जो रोज़ाना दावत उड़ाया करता था, मृत्यु के बाद नरक की यातना को झेलता है, क्योंकि उसके दरवाजे पर पड़ा दरिद्र व्यक्ति था, लेकिन उसने उसके प्रति दया नहीं दिखाई। पास्का समारोह ईश्वर का मनुष्य के प्रति प्रेम और दया का समारोह है। हमें भी प्रेम और दूसरों के प्रति करुणा का भाव रखना है। जो दूसरों से प्रेम और दया रखते हैं, उन्हें स्वर्ग में स्थान मिलता है। इसके विपरीत, जो दूसरों के प्रति प्रेम और दया का भाव नहीं रखते हैं, वे अपने जीवन में कभी भी चमत्कार का अनुभव नहीं कर पाएंगे।

मरुस्थल में तपस्या करने वाले संत अपोलोस ने एक बार एक स्वप्न देखा था, जिसका ज़िक्र इस

प्रकार किया जाता है कि उन्हें एक शैतान उनके स्वप्न में दिखाई दिया, जो उनसे पूछता है, "क्या तुम्हें मालूम है कि शैतान कैसा दिखता है?" ठीक उसी प्रकार, जो तुम्हारे साथ रहता है। शैतान के कोई सींग या पूंछ नहीं होती, न ही उसका चेहरा भयानक होता है। उसके पास सिर्फ़ एक ही चीज़ नहीं होती और वह है विनम्रता। इसलिए शैतान विनम्र नहीं हो सकता, वह कभी घुटने टेक नहीं सकता। जब प्रभु की परीक्षा ली जाती है, तो उसे किसी मनुष्य ने नहीं, बल्कि स्वयं शैतान ने लिया। येसु से वह कहता है, "यदि तुम घुटने टेक कर मेरा दंडवत करो, तो मैं तुम्हें संपूर्ण राज्य सौंप दूँगा" (लूका 4:9)।

तो आज जब हम प्रभु के पुनरुत्थान का त्योहार मना रहे हैं, तो हमें अपने अंदर के अहंकार को त्यागकर विनम्रता का भाव धारण करना चाहिए। जो एक समय पापिनी स्त्री की संज्ञा से नवाज़ी जाती थी, जिसके अंदर से प्रभु आत्मा ने सात महापापों के प्रतीक को निकाला था, वही आज अपनी अशुद्धता को सदा के लिए त्यागकर विनम्रता के भाव को आत्मसात कर चुकी थी। इसका पुरस्कार उसे प्राप्त हुआ और किसी अन्य शिष्य को नहीं, बल्कि मरियम मग्दलीना को यह सौभाग्य मिला कि वह सर्वप्रथम पुनर्जीवित यीशु का दर्शन कर सके। जब हम भी प्रेम और दया का जीवन जीते हैं, तो यह सुखद पुनरुत्थान, यानी एक नए जीवन का एहसास करते हैं।

पास्का रविवार 20 अप्रैल

प्रे.च. 10:34, 37-43 कलोशियों 3:1-4 मारकुस 16:1-7

प्रिय मित्रों, पिछले तीन दिनों में एक सामान्य घटना यीशु के जीवन में घटी है, जो वस्त्र से संबंधित है। पुण्य गुरुवार को धर्मविधि में हमने देखा और सुना कि यीशु अपने शिष्यों के साथ अंतिम भोज करने से पूर्व अपने बाहरी वस्त्र को निकालकर अंगोछा पहनकर अपने शिष्यों के पैर धोते हैं। फिर शुक्रवार को हमने सुना कि यीशु को क्रूसित करने से पूर्व सैनिकों ने उनके वस्त्र उनके शरीर से अलग कर दिए और उसे आपस में बाँट लिया। और आज के सुसमाचार में हम सुनते हैं कि यीशु के शव पर ढका हुआ कपड़ा समेटा हुआ कब्र के अंदर पाया जाता है। इन सभी घटनाओं के तीन अर्थ हैं:

1. पाप का प्रायश्चित:

हमारे पुराने विधान में पुरोहित लोग पापों के प्रायश्चित हेतु जानवरों की बलि चढ़ाया करते थे और यह विश्वास कर लिया जाता था कि पापों से मुक्ति मिल गई है। इसके बाद पुरोहित पवित्र वेदी के पास अपना वस्त्र उतार देते थे। लेकिन अपने पुनरुत्थान के बाद, यीशु अपने शव के कपड़े को उतारते हैं, जो इस रहस्य को दर्शाता है कि मनुष्य की ओर से प्रभु ने उन लोगों के पापों का प्रायश्चित कर दिया है। इसका संकेत मंदिर के पर्दे से होता है, जो यीशु के प्राण त्यागने के बाद बीचों-बीच फट जाता है। ईश्वर की पवित्र मंजूषा पर दृष्टि डालने की अनुमति नहीं थी और लोग अयोग्य रूप से उसके सामने नहीं आ सकते थे। लेकिन जब यीशु ने अपना निर्दोष बलिदान पिता ईश्वर को समर्पित कर दिया, तो इससे प्रसन्न होकर ईश्वर स्वयं को लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं। मंजूषा का पर्दा फटना यह दर्शाता है कि अब ईश्वर और मनुष्य के बीच मिलन होने के लिए किसी पर्दे की आवश्यकता नहीं है।

2. पुनरुत्थान का प्रमाण:

महायाजकों और फ़रीसियों ने यह झूठी भ्रांति फैलाने का प्रयास किया कि यीशु पुनर्जीवित नहीं हुए, बल्कि उनके शिष्यों ने उनका शव चुरा लिया। इसके लिए उन्होंने पहरेदारों को भारी रकम दी और

उनसे कहा कि जब राज्यपाल पूछें, तो वे कहें कि जब वे सो रहे थे, तब यीशु के शिष्य आकर उनके शव को चुरा ले गए।

लेकिन एक सरल तर्क इस बात को प्रमाणित करता है कि महायाजकों और फ़रीसियों की बातें झूठी हैं। पहला, पहरेदारों की नियुक्ति पहरा देने के लिए हुई थी, न कि कब्र के पास सोने के लिए। और यदि वे सो रहे थे, तो उन्हें कैसे मालूम चला कि यीशु का शव किसने चुराया? दूसरा, यदि यह मान भी लिया जाए कि यीशु का शव चुराया गया था, तो छाती का कपड़ा वहाँ समेटा हुआ कैसे पाया गया? चोर हड़बड़ी में चोरी करते हैं और पकड़े जाने के भय से भाग खड़े होते हैं, लेकिन वहाँ शव का कपड़ा समेटा हुआ पाया गया, जो यह प्रमाणित करता है कि उसे उसी ने सभ्यता से हटाया, जिसने उसका उपयोग किया था। वह हड़बड़ी में नहीं था, क्योंकि अब उसके पास समय का अभाव नहीं था, क्योंकि पुनर्जीवित यीशु समय के कालचक्र से अब मुक्त हो चुके थे।

3. पुनरुत्थान की अवस्था :

प्रभु के शव का कपड़े का कब्र में समेटा हुआ पाये जाने का तीसरा अर्थ यह होता है कि अब येसु का शरीर पुनर्जीवित शरीर है, इसलिए अब इस शरीर को मनुष्य के हाथों द्वारा निर्मित वस्त्र की आवश्यकता नहीं है क्योंकि ईश्वर ने उन्हें अपनी महिमा के वस्त्र से आवृत किया है। हम विश्वास क्यों न करें कि आनंद का विषय है कि पुनरुत्थान की इस अवस्था को ईश्वर द्वारा निर्धारित समय पर हमें भी प्राप्त होगी।

पास्का का दूसरा रविवार 27 अप्रैल

ईश्वरीय करुणा का त्यौहार

प्रे.च. 5:12-16 प्रकाशना 1:9-11अ, 12-13, 17-19 योहन 20:19-31

प्रिय मित्रों, आज पास्का का दूसरा रविवार है और आज माता कलीसिया ईश्वरीय करुणा का त्योहार मना रही है। आज संसार में सामाजिक बुराइयों को त्योहार की तरह मनाया जाता है। यदि हम टेलीविज़न या समाचार पत्रों की बात करें तो हमें मालूम पड़ता है कि रोज़ाना पाप का बोलबाला संसार में बढ़ता जा रहा है। आज कई देशों के बीच युद्ध चल रहा है, हज़ारों की संख्या में लोग – स्त्री, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग – मारे जा रहे हैं। स्त्रियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। धार्मिक एवं जातीय अराजकता और असहिष्णुता दिन–प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। सत्ताधारी केवल अपनी कुर्सी को बचाने में प्रयासरत हैं। ऐसे माहौल में इस त्योहार को मनाना हमें एक आशा की किरण दिखाता है।

प्रभु येसु सिस्टर फौस्टिना से चौदह प्रतिज्ञाएँ करते हैं और हमें ज्ञात है कि ईश्वर सदैव अपनी प्रतिज्ञा के प्रति विश्वासयोग्य रहता है। ये चौदह प्रतिज्ञाएँ ईश्वरीय करुणा की भक्ति व रोज़री से हमें अर्जित होती हैं। उन चौदह प्रतिज्ञाओं में सबसे महत्वपूर्ण प्रतिज्ञा यह है कि जब तक मानव जाति दिव्य करुणा के प्रति समर्पित नहीं होगी, उन्हें शांति प्राप्त नहीं होगी। शिष्यों को कहते हैं, "तुम्हें शांति मिले" और आशीर्वाद देते हैं। हम तीन प्रकार से दिव्य करुणा के प्रति समर्पित हो सकते हैं:

1. पवित्र यूखरिस्त में योग्य रीति से भाग लेकर – हम दिव्य करुणा की प्रार्थना में कहते हैं: "हे सर्वशक्तिमान पिता, हम अपने और सारे संसार के पापों के लिए पश्चाताप करते हुए तेरे परम प्रिय पुत्र, हमारे प्रभु येसु ख्रीस्त के दिव्य शरीर और रक्त, आत्मा और ईश्वरिता को तुझे चढ़ाते हैं।" उनके दुखभोग के

नाम पर हम पर और सारे संसार पर दया कर। येसु का परम पवित्र शरीर और रक्त हमें यूखरिस्त समारोह में योग्य रीति से भाग लेने से प्राप्त होता है। तभी हम जाकर येसु की आत्मा, ईश्वरिता और मनुष्यता की घोषणा करने में सक्षम बन जाते हैं, जैसा आज के सुसमाचार में थोमा ने घोषित किया: "मेरे प्रभु! मेरे ईश्वर!" – "मेरे प्रभु" कहकर उसने येसु के मनुष्यत्व को और "मेरे ईश्वर" कहकर उसने येसु की ईश्वरिता को घोषित किया है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि येसु पूर्णतः मनुष्य और ईश्वर दोनों थे।

2. पाप स्वीकार करना – दिव्य करुणा की प्रार्थना में हम कहते हैं: "हम अपने और सारे संसार के पापों के लिए पश्चाताप करते हुए।" अर्थात् हमें ईश्वरीय करुणा को प्राप्त करने के लिए पश्चाताप करने की आवश्यकता है।

3. रोज़ाना दिव्य करुणा की भक्ति– येसु ने वायदा किया कि जो इस भक्ति को रोज़ाना 3:00 बजे के समय करेगा, उसे और उसके परिवार को विशेष कृपा मिलेगी। इस भक्ति को करने में ज्यादा समय नहीं लगता, तो इसे हम रोज़ाना करें ताकि यह हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन जाए और ईश्वरीय करुणा हमारे हृदय और परिवार में सदैव बनी रहे।

– फा. निरंजन एलियास

संत मरिया गोरेत्ती

गतांक से आगे...

प्रथम परम प्रसाद

पुरोहित ने उन्हें आगामी तीन रविवारों के लिए परम प्रसाद ग्रहण करने की अनुमति दी। यह दिन उनके जीवन का सबसे शुभ दिन था। इससे प्रतीत होता है कि प्रभु को अपने हृदय में पाने की उनकी कितनी तीव्र इच्छा थी। सप्ताह में केवल एक रविवार उनके लिए पर्याप्त नहीं था।

मरियम अपने जीवन की हर घटना का सामना कर सकती थीं, क्योंकि वह जानती थीं कि प्रभु सदैव उनके साथ हैं। यह छोटी लड़की अपनी उम्र से परे आध्यात्मिक परिपक्वता को दर्शाती थी। असंता ने अपनी पुत्री के आचरण में परिवर्तन देखा, जिससे वह प्रसन्न थीं। मरियम की बचपना और विनोदी स्वभाव धीरे–धीरे कम हो रहे थे, और उनकी रात–दिन की प्रार्थनाएँ बढ़ रही थीं।

हालात बदतर होना

एलेक्जेंड्रा मरियम को परेशान करने लगा जब उनकी प्रार्थनाएँ कमजोर नहीं हुईं। वह अपनी बुरी इच्छाओं की पूर्ति के लिए उनकी भावनाओं को प्रेरित करने लगा। मरियम ने साहस के साथ उसे फटकारा और अपने व्यवहार को सुधारने के लिए कहा। इसके बदले एलेक्जेंड्रा ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मरियम हमेशा सतर्क रहती थीं और अकेले में उससे मिलने से बचती थीं। वह लगातार भय के वातावरण में जी रही थीं।

एलेक्जेंड्रा महीनों से मौके की तलाश में था, अंदर ही अंदर बुराई की योजना बना रहा था। उसने किसी और को यह बात बताने पर मरियम को मृत्यु की धमकी भी दी थी। मरियम ने अपनी आशंका और धमकी की बात अपनी माँ असंता से छिपाए रखी।

शहादत

5 जुलाई 1902 के दिन सुबह 11 बजे एलेक्जेंड्रा ने चाकू उनके गले पर रखते हुए दरवाजे की कुंडी बंद कर दी। अकेली मरियम ने उससे प्रार्थना की कि वह जो करने जा रहा है, वह एक आत्मा–विनाशक पाप है। लेकिन एलेक्जेंड्रा, अपनी बुरी इच्छाओं में अंधा होकर, सब कुछ अनसुना कर

गया।

उसने पहले मरियम को दबाने की कोशिश की। लेकिन जब मरियम ने साहसपूर्वक कहा कि उसे आत्मसमर्पण करने की अपेक्षा मरना मंजूर है, तो उसने उन्हें 11 बार चाकू मारा। मरियम दरवाजे तक पहुंचने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन वह इससे पहले उन्हें तीन बार और मारा। मरियम इतनी दुर्बल हो चुकी थीं कि न तो वह चिल्ला सकीं और न ही मदद मांग सकीं।

मरियम की छोटी बहन टेरेसा शोर–शराबे से जाग गईं और जोर–जोर से रोने लगीं। पड़ोसियों ने बच्ची की रोने की आवाज़ सुनी और दरवाजा तोड़कर अंदर आए। उन्होंने मरियम को गंभीर चोटिल और खून से लथपथ पाया।

अस्पताल यात्रा

पड़ोसियों ने मरियम को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। पूरे रास्ते उनकी माँ असंता उन्हें सहारा देने और उनकी पीड़ा को कम करने का प्रयास करती रहीं। मरियम ने रास्ते भर अपनी पीड़ा सहन की। डॉक्टर ने उनकी चोटों को ठीक करने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन असंता को कोई आश्वासन नहीं दे सके।

अंतिम क्षण

जब मरियम ने अपनी आँखें खोलीं, तो उनकी नजर अपने पैरों के पास रखी माता मरियम की मूर्ति पर थी। ऐसा प्रतीत होता था कि उन्हें बीते दिनों की कुछ भी याद नहीं थी।

अस्पताल में पुरोहित ने उन्हें येसु की कहानी याद दिलाई कि किस प्रकार उन्होंने पश्चातापी चोर को क्षमा करते हुए स्वर्ग का आश्वासन दिया। उन्होंने मरियम से पूछा, "क्या तुम अपने दिल से उसे माफ करती हो जिसने तुम्हें घायल किया है?" मरियम ने जवाब दिया, "हाँ, मैं चाहती हूँ कि वह स्वर्ग में मेरे साथ हो।"

पुरोहित ने उन्हें अंतिम संस्कार का परम प्रसाद दिया। अगले दिन प्रभु ने मरियम को अपने अनंत प्रेम में स्वीकार कर लिया। यह उनकी पवित्रता, साहस और सत्गुणों का इनाम था।

– फा. जोसफ सुन्नी

A Tribute to Sr. Caroline PSA

Well done, good and faithful servant! Enter into the joy of your Master." (Matthew 25:23)

Death is a reality that touches every life, a moment that reminds us of the fragile, fleeting nature of our existence. It marks the end of a journey yet leaves behind memories that linger and stories that continue to shape those left behind. While it brings sorrow and loss, it also calls us to reflect on the meaning of a life lived and the legacy left behind.



Sr. Caroline was born on 30th August 1945 into a devout family in Kanjirappally, Diocese of Changanassery, as the cherished daughter of Mr. Mathew and Mrs.Tresa. Inspired by the deep faith of her elder sister, Sr. Athanasia PSA she heard the Lord's call at a young age and responded with love and commitment. She joined the Congregation of Prabhudasi Sisters of Ajmer (PSA) on 5th February 1964, made her First Profession on 5th April 1964.

Her great love for education led her to embrace the noble vocation of teaching. She worked tirelessly in many mission stations, including Thandla, Ampapada, Udaipur, Kota Nirmala, forming young minds and hearts in faith and knowledge. Even after her retirement, her zeal for service

did not diminish. She continued her mission by assisting the sisters at Mansarovar, Baran, and Kota offering prayers and humble works of love.

Sr. Caroline was a woman of deep simplicity, prayer, and deep joy. She radiated God's peace, always content and serene in her religious life, making herself a true gift to our congregation.She had a great love and compassion for the people. As her health declined, she was lovingly cared for at Sneh Bhawan Madar from 2022, and later at Holy Family Hospital, Bhatta, where she surrendered her soul to the Lord on 16th March 2025 at 6:00 PM, at the age of 80.

Today, we are reminded Of St.Paul's words: "I have fought the good fight, I have finished the race, I have kept the faith." (2 Timothy 4:7)

We thank God for the gift of her life, her faith, and her dedicated service to our congregation and the Church. Our sincere appreciation goes to her family members who helped her to grow in the love of God. May the Lord, whom she served so faithfully, now welcome her into His eternal peace. We thank God for the gift of Sr. Caroline and pray that her life of faith, love, and service continue to inspire us.

Eternal rest grant unto her, O Lord, and let perpetual light shine upon her.

- PSA Sisters

Meet The Caumont Family....The Family of the Ist Bishop of Ajmer



The Rt. Rev. Henri Fortunat Caumont (1871–1930), known as the Servant of God, hailed from France—a land celebrated for its exquisite culture, beauty, and cool climate. His father, Papa Salvat Caumont, was a tall and majestic soldier who fought valiantly in the Franco-Prussian War of 1871. After being demobilized from the army ten years later, he found joy as a father of a lovely family. Henri's mother, Mama Pauline, was a gentle yet courageous woman of deep faith. Her profound influence on her children inspired them to love God and filled them with zeal for His kingdom—a zeal that burned brightly in her own heart.

Salvat and Pauline Caumont were blessed with eight children, but three were called back to God in infancy. Among the surviving children were Rev. Bishop Henri Fortunat and his siblings: Charles, Matilda, Josephine, and Joseph. God's plan for each of them unfolded as He called them, one by one, to His love and service as missionaries, alongside their mother.

Henri, the second child, was born on December 10, 1871. Feeble, small, and delicate at birth, he grew into a gifted individual endowed with great intelligence, an aesthetic taste, and personal charm. Studious and hardworking, Henri showed early promise. When his father passed away in 1888, his mother permitted him to pursue his calling to the priesthood. Henri joined the Franciscan Capuchin Order on August 16, at the age of 18, and remained faithful to his vocation. He was ordained as a Franciscan Capuchin priest on December 19, 1896.

Meanwhile, Henri's sister Matilda had joined the SMA nuns in October 1894, dedicating her life as a missionary under the name Mother Mary Fortunata. She later became the foundress of The Prabhudasi Sisters of Ajmer (PSA). In 1896, their mother, Pauline, also joined the SMA nuns with the blessing of her children and family. She traveled to India to serve the Lord as a missionary, where she formally entered religious life on September 28, 1897, under the name Mother Mary Felicity. Charles, already a member of the French Capuchins, was soon ordained as Fr. Gregory and also came to India to serve as a missionary in Rajasthan.

The two youngest siblings, Josephine and Joseph, were equally moved by God's love. Josephine joined the SMA nuns in 1898 and dedicated her life to the Lord in 1903, taking the name Mother Mary Matilda. She too arrived in India to fulfill her missionary calling and co-founded the MSA congregation. Joseph, the youngest son, followed suit in 1901, becoming a Franciscan brother named Brother Gatian. He devoted his life to Christ and arrived in India in 1904 to contribute to the spread of God's kingdom.

This remarkable family followed the Lord faithfully, even unto death. Their singular aim was to reveal God's love poured out for humanity on the cross and to labor for His kingdom. Rt. Rev. Henri Fortunat Caumont, our beloved founder, established both the PSA and MSA congregations. In 1913, he was appointed and consecrated as the first Bishop of the newly created Diocese of Ajmer, Rajputana. In 1929, he founded St. Theresa's Major Seminary in Ajmer, which he later converted to St. Theresa's Minor Seminary in 1940 to nurture future priestly vocations.

(Source: "The Rajputana Mission" by Fr. R.H. Lesser)

Compiled By
- Sr. Elizabeth Fernandes, MSA

अचल विश्वास के सारथी : ऐतिहासिक यात्रा

यह जालारापाटन–सुकेत मिशन की शुरुआत की कहानी है जो "दी राजपुताना मिशनः पायनियर्स एंड शेपर्ड्स" पुस्तक जो स्वर्गीय पुरोहित "आर. एच. लैसर द्वारा रचित है, उसका हिंदी अनुवाद है. (आगे की कहानी अगले चरण में पाए)

जालारापाटन-सुकेत मिशन

एपिसोड 2

जलारापट्टन मिशन का अंत और सुकेत मिशन का उदय :

जलारापट्टन मिशन के अंत का मतलब सुकेत मिशन का जन्म था। मोनसिन्योर कॉमोंट ने प्रभावशाली मित्रों के माध्यम से कोटा के अधिकारियों से सुकेत के पास के सलावड़ गाँव के निकट 561 बीघा भूमि प्राप्त की। प्रीफेक्ट का विचार था कि यह स्टेशन खुर्दा से आने वाले लोगों की भीड़ को संभालेगा, जो कि बहुत बड़ा हो रहा था।

11 जनवरी 1913 को परिषद द्वारा इस परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद, प्रीफेक्ट ने फादर क्लोडोल्ड और फादर डेनियल को इस कार्य का जिम्मा सौंपा। 14 अप्रैल 1914 को फादर क्लोडोल्ड ने कुछ परिवार प्रमुखों के साथ मिशन के नए केंद्र का गठन किया और काम शुरू किया। जुलाई में झोपड़ियाँ तैयार हो गईं और यहाँ तक कि एक 'कैथेड्रल' भी बनाया गया, जिसे फादर फ्रांसिस रेजिस ने एक हैंगर के रूप में वर्णित किया, जिसमें घंटाघर नहीं था।

शुरुआती दिनों में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सुकेत की गर्मी से प्रभावित होकर फादर डेनियल को आराम के लिए रतलाम जाना पड़ा। लेकिन फादर क्लोडोल्ड के हैजा होने के कारण उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। बारिश और

कठिन रास्तों के बावजूद, वह समय पर पहुँच गए। फादर क्लोडोल्ड ने बहुत कष्ट सहा और कहा, "मुझे विश्वास नहीं होता कि कोई व्यक्ति इतनी पीड़ा सहकर जीवित रह सकता है।"

दिसंबर 1914 में, मिशनरियों ने जलारापट्टन को छोड़ दिया और सुकेत में स्थायी रूप से बस गए। फसल काटने का समय आने पर लोगों ने देखा कि अधिकांश फसल जंगली जानवरों द्वारा नष्ट कर दी गई थी। फादर फ्रांसिस रेजिस ने लिखा कि यहाँ के जंगली जानवर केवल खरगोश और हिरण नहीं थे, बल्कि विशाल साँभर, नीलगाय, जंगली सूअर और बारहसिंगा थे।

इन जंगली जानवरों की अत्यधिक संख्या का एक कारण यह था कि मिशन भूमि कोटा के राजा के शिकार 'आरक्षित क्षेत्र' से सटी हुई थी। कुछ समय तक सुकेत के लोग मांस की कमी से नहीं जूझेकृविभिन्न प्रकार के मांस, जैसे साँभर, नीलगाय, जंगली सूअर और काले हिरण का प्रचुर भंडार था।

सुकेत की महिलाओं को अपनी बच्चियों को अजमेर भेजना पसंद नहीं था। इसलिए, 8 दिसंबर 1915 को दो ड। धर्म बहनें सुकेत में आ बसे। 10 जून 1916 को फादर हिप्पोलाइट ने फादर क्लोडोल्ड का स्थान लिया।

1917 में, छोटी लड़कियों का स्कूल बहुत अच्छा चलने लगा। स्कूल की प्रधान मदर एंसलम ने न केवल स्कूल बल्कि जंगल के गाँवों में भी सेवा दी। उन्होंने दवाइयाँ वितरित कीं और मरने वालों को बपतिस्मा दिया।

1917 का वर्ष कठिनाइयों से भरा था। खराब फसल और जानवरों के हमलों ने समस्याओं को बढ़ा दिया। कुछ परिवार खुर्दा लौट गए, जबकि कुछ रतलाम में बस गए। महामारी और बुखार के कारण स्थिति और बिगड़ गई। 1919 में उपनिवेश से एक और पलायन हुआ। हालाँकि, कुछ अच्छे परिवार वहीं टिके रहे।

इस तरह, सुकेत मिशन ने कठिन परिस्थितियों के बीच अपने अस्तित्व को बनाए रखा और संघर्ष करते रहे।

मिशन की स्थापना में हुए भारी खर्च के बावजूद (25,000 रुपये/दृ अप्रैल 14 से जुलाई 15 तक), फिर भी बिशप ने 1918 में फादर हिप्पोलाइट को 1,755 रुपये दिए।

1919 का वर्ष मिशन के लिए संकट का वर्ष था।

वहाँ रहने वाले लोग, जिन्होंने मिशन से सब कुछ प्राप्त किया था, आलसी और बहुत शिकायत करने वाले लगते थे। उन्होंने हर चीज़ की शिकायत की कृ जंगली जानवर जो उनके मुर्गों को खा जाते थे, अन्य लोग जो उनकी फसलें नष्ट कर देते थे और फादर जो उनकी मदद के लिए नहीं आते थे। उन्हें यह याद दिलाने का कोई मतलब नहीं था कि उनके पड़ोसी इन सब चीजों को फादर के आने से पहले से सहते आ रहे थे।

लोगों का मानना था कि मिशन को उनकी आजीविका सुनिश्चित करनी चाहिए और उनकी सभी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। वास्तव में, उनकी शिकायतों में कुछ हद तक सच्चाई थी। बिशप और स्थानीय मिशनरी फादर हिप्पोलाइट ने उनकी माँगों को इस हद तक स्वीकार कर लिया कि उन्होंने मिशन के चारों ओर दीवार बनाने की पेशकश की। लोगों ने पैसे ले लिए और कुछ समय तक दीवार के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई।

ऐसा लगता है कि बिशप इस स्थिति से परेशान थे और उन्होंने फादर हिप्पोलाइट को दोषी ठहराया, यह कहते हुए कि उनके पास लोगों से निपटने का सही तरीका नहीं था। बाद में उन्होंने अपनी राय बदली और निष्कर्ष निकाला कि गलती यह थी कि खुर्दा के सबसे अच्छे परिवारों के बिना सुकेत को बसाने की कोशिश की गई थी।

1920 में फादर अलेक्जेंडर फादर हिप्पोलाइट

की जगह आए। फादर हिप्पोलाइट फ्रांस में छुट्टी पर गए थे। खुरड़ा में उनके कुछ कड़वे अनुभव थे और वे सुकेत के मगरमच्छों द्वारा खाए जाने का इरादा नहीं रखते थे।

1921 में, बिशप ने सुकेत की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया और प्रसिद्ध दीवार के बारे में बात की। बिशप समस्याओं की अनदेखी नहीं कर सके और एक बार फिर पैसे दिए। फादर हिप्पोलाइट ने सहकारी बैंक शुरू करने की कोशिश की, लेकिन यह पूरी तरह विफल रहा।

23 सितंबर 1920 को फादर मैथ्यू आए। उन्होंने फादर हिप्पोलाइट की जगह ली। मिशन स्टेशन की स्थिति बहुत नाजुक थी और इसे ठीक करने की आवश्यकता थी। फादर मैथ्यू ने लोगों से संपर्क किया और खुशी से कहा कि मिशन स्टेशन सही रास्ते पर है। उन्होंने दिखाया कि थोड़ी मेहनत से कैसे अच्छी फसल प्राप्त की जा सकती है।

लोगों ने कहा, "हम यहाँ हैं; फादर हमारे सपनों का ख्याल रखते हैं। वे हमारे सपनों को वास्तविकता में बदलते हैं।" लेकिन जब लोगों ने अपनी कठिनाइयों की सूची प्रस्तुत की और पैसे की मांग की, तो छोटे फादर ने हंसते हुए कहाः "लेकिन मेरे दोस्तों, तुम्हारे पास भी अपने पड़ोसियों की तरह दो हाथ और दो पैर हैं।

उनकी तरह थोड़ी मेहनत करो। वैसे भी, मुझे तुमसे कहना है कि मेरे पास पैसे नहीं हैं। तुम्हें कोई और रास्ता सोचना होगा।

ओह! और जो कर्ज तुमने मिशन से लिया है, वह मेरे खाते में दर्ज है। उसे चुकाना होगा।

ओह! मेरा इरादा तुम्हें मारने का नहीं है, लेकिन पैसा लौटाना होगा।" लोग इस बात को सहन नहीं कर सके और एक और पलायन हुआ।

लेकिन इस बार कोई चिंतित नहीं था। जो लोग रहे, उन्होंने समझ लिया कि "माई बाप" का शासन समाप्त हो चुका है और छोटे फादर अब केवल कड़ी मेहनत को ही स्वीकार करेंगे।

फादर मैथ्यू ने कई बदलाव किए। उन्होंने गाँवों से कई साधुओं और अन्य लोगों को हटाया जो लोगों के दिमाग में भ्रम पैदा कर रहे थे। सुकेत में अपने समय के दौरान उन्होंने पामाखेरी गाँव में एक स्कूल शुरू किया। जब पुलिस वाले वहाँ शिक्षकों के लिए परेशानी खड़ी करने आए, तो फादर मैथ्यू ने उच्च अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें उनकी जगह दिखा दी। उन्होंने मिशन स्टेशन में नैतिकता के मानकों को भी सुधारने का प्रयास किया। उस समय के दस्तावेज़ बताते हैं कि नैतिकता का स्तर बहुत नीचे गिर गया था।

29 अगस्त 1924 को बिशप ने मिखेलपुरा का दौरा किया। सुकेत में एक चर्च बनाने का पक्का निर्णय लिया गया और ठेकेदार बुल्ला को काम सौंपा गया।

14 दिसंबर 1924 को बिशप कॉमोंट द्वारा आधारशिला का आशीर्वाद दिया गया। सुबह 7 बजे मास आयोजित किया गया और उपदेश में आधारशिला का आशीर्वाद की रस्म को समझाया गया। आधारशिला का वास्तविक आशीर्वाद सुबह 9 बजे हुआ और शाम को बच्चों में मिठाई वितरित की गई।

— फा. विशाल रेमंड





A BIG THANK YOU



to one and all for your generous contribution to campaign for
Disha Aahar: Free Food Distribution Programme.

If you find any mismatch or inaccuracy in the amount listed, please don't hesitate to reach out to us for verification. Mob. 7733004422

S. No.	Name of School & Institute	Amount
1	Rt. Rev.Bp Ignatius Menezes	15,000
2	St. Anselm's School, Ajmer	1,02,075
3	St. Mary's Convent School, Ajmer	24,950
4	St. Francis School, Ajmer	72,300
5	Sophia School, Mirshali, Ajmer	45,775
6	St. Paul's School, Ajmer	93,000
7	Sophia School, Bhatta, Ajmer	14,200
8	P.S.A. Sisters Bhatta (Holy Family, St. Teresa School & Ashram)	30,970
9	St. Teresa School, (Kusumia) Madar	66,781
10	St. Teresa School, Ladpura	22,700
11	St. Theresa Seminary	18,950
12	Karunalaya Society	6,000
13	Diocesan Pastoral Centre	50,000
14	Provincial House MSA, Ajmer	40,000
15	Society of Prabhudasi Sisters Christ Raja Ashram,	20,000
16	St. Francis Hospital, Ajmer & Community of St. Fortunatus	72,000
17	St. Francis College Of Nursing, Daurai, Ajmer	15,000
18	St. Paul's School Beawar	1,01,380

S. No.	Name of School & Institute	Amount
19	Ss. Peter & Paul School, Narbadkhera	15,250
20	St. Paul's School, Bijainagar	14,800
21	Sophia College, Ajmer	15,000
22	St. Paul's School, Kishangarh	5,100
23	Immaculate Conception Cathedral, Ajmer	10,900
24	Our Lady of Holy Rosary Church, Madar	22,901
25	Our Lady Of Seven Dolours Church, Bhatta	28,720
26	St. Joseph's Church, Parbatpura	15,750
27	Our Lady of Mount Carmel Church, Hatikhera	3,000
28	St. Martin Church, Bhawanikhera	43,970
29	Mother House M.S.A. Mirshali , Ajmer	10,000
30	Holy Family Hospital, Kota	12,400
31	Sophia School, Vallabhnagar & Auxilium Society Kota	53,000
32	Sophia School, Railway Colony, Kota	40,000
33	St. Mary's Convent School, Ramganj Mandi,Kota	11,920
34	St. Michael Church Suket	14,810

Pope Benedict XVI – "Easter is the feast of the new creation, the resurrection of Christ brings a new life to the world."

S. No.	Name of School & Institute	Amount
35	St. Paul's School, Vallabh Nagar, Kota	43,950
36	Nirmala School,P.S.A. Kota	20,000
37	St. Paul's School, Mala Road, Kota	70,000
38	St. Paul's School, Baran	50,000
39	St Paul'S School, Bundi	29,700
40	Our Lady of Pillar Convent School, Jodhpur	15,410
41	(St. Patrick) Vinay Prakash Vidya Bhawan So. Jodhpur	12,000
42	St. Mother Teresa Catholic Church, Kudi	25,300
43	St. Anthony's School, F.C.C. Jodhpur	3,000
44	Maria Rani Provincial House F.C.C. Jodhpur	5,000
45	St. Paul's Shastri Nagar, Jodhpur	24,500
46	St. Teresa Church, Jodhpur	21,200
47	St. Paul's School, Jhalamand, Jodhpur	20,000
48	St. Paul's School, Pal Road, Jodhpur	5,000
49	St. Paul's School, Pali	17,100
50	St. Paul's School, Falna	5,502
51	St. Paul's School Balotara	50,000
52	St. Paul's School Barmer	17,550
53	St. Paul's School, Jaisalmer	20,000
54	St. Paul's School, Phalodi	35,000
55	St. Paul's School Jalore	7,750
56	St. Paul's School Sheoganj	50,000
57	St. Anne's Church, Mount Abu	14,000
58	Sophia School, Community M.S.A.Bhilwara	48,550
59	FR. Dominic SVD, Austria	5,000
60	Ms. Elvira Fernandez, Ajmer	7,000
61	Ms. Asha Nazreth, Jodhpur	10,500
62	Ms. Maria Angela, Madar	5,000
63	Ms. Angela Nazareth, Kudi, Jodhpur	7,000
64	Project 'Pratibha' an initiative by St. Mary's Convent School, Ajmer	4,54,000



Are you an individual, family, parish, or institute looking to make a positive impact in any district of Rajasthan?

Do you want to fund a project that brings tangible change to the lives of those in need?

Look no further!
Disha-RCDSSS invites you to collaborate with us in identifying and funding projects that align with your values and goals. Our experienced team will conduct baseline surveys, feasibility studies, and thematic interventions to ensure that your financial support makes a lasting difference.

By partnering with us, you'll not only be supporting meaningful projects but also contributing to the empowerment of marginalized communities in Rajasthan.

- Disha RCDSSS, Madar, Ajmer

St. Therese of Lisieux – "He is risen! His love is endless and His mercy knows no bounds."

संतों के चरण चिन्हों में

फादर लुईस वरियादा

लुइस का जन्म 15 जनवरी सन 1875 में इटली में हुआ। सन 1856 में संत जॉन बॉस्को उस शहर में प्रवचन देने गए जहाँ लुइस का परिवार रहता था। उस प्रवचन से लुइस के पिता इतने प्रभावित हुए कि सन 1857 में उन्होंने अपने पुत्र को जॉन बॉस्को के संरक्षण में सौंप दिया। जॉन बॉस्को से अपने मिलन के विषय में लुइस स्वयं बताते हैं, उन्होंने अपनी कोमल दृष्टि से मुझे देखा, मैंने जो अनुभव किया उसे शब्दों में वर्णन करने में मैं असमर्थ हूँ। मेरे लिए वह सबसे आनंददायक दिन रहा। मुझे पक्का विश्वास हो गया कि मैंने एक संत का दर्शन किया है और उन्होंने मेरी आत्मा में जो पाया वह केवल ईश्वर और वे जानते हैं। लुइस ने सेलेशियन धर्म संघ की नव शिष्य अवस्था 17 अगस्त सन 1891 को प्रारंभ की और 2 अक्टूबर सन 1892 को उसे पूर्ण किया और पुरोहिताई के अध्ययन में लग गए। इस बीच उनकी मुलाकात प्रसिद्ध मिशनरी पुरोहित माइकल यूनियन से हो गई जो कोलंबिया में कोढ़ियों की सेवा करते थे। लुइस के मन में भी मिशनरी बनने की तीव्र अभिलाषा थी।

उन्हें देखते ही फादर माइकल ने कहा यह मेरा ही है। लुइस छह अगस्त सन 1894 में कोलंबिया पहुंचे, जहां के 2000 निवासियों में से 800 व्यक्ति कोढ़ी थे। शीघ्र ही वे उनकी सेवा में लग गए। संगीत में उनकी विशेष रुचि थी, अतः उन्होंने एक दल का गठन किया जो गाने में रुचि रखते थे। शीघ्र ही वह दर्द का शहर आनंदमय बन गया। वहां के विषादपूर्ण वातावरण को उन्होंने अपने संगीत, नाटक, खेलकूद और अन्य मनोरंजनों के द्वारा सेलेक्शन धर्म प्रार्थना गृह के जैसा आनंदमय बना दिया। 24 अप्रैल 1898 में उनका पुरोहित पुरोहित अभिषेक हुआ और वह एक उत्तम आध्यात्मिक संचालक बन गए। फादर लुइस के आध्यात्मिक परिचारिया के फलस्वरूप बहुतों ने अपने पापमय जीवन का परित्याग किया। उनमें 200 लड़कियां भी थीं जो कोढ़ी थीं। फिर वह स्वयं को ईश्वर की सेवा में अर्पित करने के लिए उत्सुक थीं।

फादर जानते थे कि किसी भी धर्म संघ में किसी कोढ़ी को अथवा उनकी संतानों को प्रवेश मिलाना असंभव है, अतः उन्होंने काफी सोच विचार और प्रार्थना करने के पश्चात 7 मई सन 1905 में एक धर्म संघ की स्थापना की जिसका नाम उन्होंने येसु और मरियम के विमला हृदय की पुत्रियां रखा। उसी दिन उनके साथ ही पुरोहित माइकल यूनिया की धर्मशाला का कार्य जो 10 वर्षों से अटका पड़ा था पूर्ण हो गया और उसके उद्घाटन का कार्य भी संपन्न हुआ।

फादर लुइस अत्यंत खुश थे और उन्होंने लिखा एक सेलेक्शन पुरोहित के रूप में इस मिशन कार्य से मैं अत्यंत संतुष्ट हूं और ईश्वर को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे ऐसा अवसर प्रदान किया किंतु एक उद्धार हृदय मिशनरी पुरोहित के लिए गलतफहमी और दुख के दिन प्रारंभ हो गए जो अगले 18 वर्षों तक, जाने उनकी मृत्यु तक जारी रहे। उनके अधिकारियों के मन में उनके प्रति संदेह था, अतः बार–बार उनके स्थानांतरण किए गए। अपने मनपसंद के कार्यों को छोड़कर अन्यत्र जाने में उन्हें अत्यंत दुख होता था फिर भी अधिकारियों की आज्ञा को ईश्वरीय इच्छा समझकर वे बिना किसी गतिरोध प्रतिरोध के आज्ञा मानते थे।

सन 1921 में उनका स्थानांतरण वेनेजुएला में किया गया, जहां पहुंचने पर उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। डॉक्टर के निर्देशानुसार उन्हें कोलंबिया के कुकुटा नामक स्थान पर भेजा गया किंतु उनकी हालत बिगड़ती रही और वहीं पर एक फरवरी सन 1923 को 48 वर्ष की आयु में उनका देहांत हो गया। उनकी पूर्व पुरोहिताई के 24 वर्ष ही हुए थे। कुकुटा में ही वे दफनाए गए। सन 1932 में उनके पूज्य अवशेष उनके द्वारा स्थापित धर्म संघ के चौपल में ले जाया गया जो आज तक वहां विश्राम कर रहा है। कलीसिया ने उन्हें धन्य घोषित किया है।

– सि. क्लारीसा, पी.एस.ए.

येसु का दुःखभोग

(नगर प्रवेश से कब तक)

हाथों में खजूर की डालियाँ लिये
राह में बिछाये अपने वस्त्र उतार
प्रभु के येरुसलेम में प्रवेश के वक्त
करते रहे लोग उनकी जय–जयकार

अंतिम भोज में संग शिष्यों के
ले कर रोटी कहा येसु ने
खाओ इसमें से यह शरीर है मेरा
बलि तुम्हारे लिये जो चढ़ाया जाएगा
फिर कहा देकर अंगूरी का प्याला
पियो इसमें से कि यह रक्त है मेरा
तुम्हारे और बहुतों की खातिर जो
पाप क्षमा के लिये बहाया जाएगा

बाद भोजन के येसु ने धोये
अपने हर एक शिष्य के पाँव
और ऐसा कर जतलाया उनको
क्या है सेवा का सच्चा भाव

ज्ञात उन्हें था क्या होना है आगे
सो शिष्यों संग गए जैतून की बारी
जहाँ आने वाला था यूदस विश्वासधाती
करवाने को उनकी गिरफ्तारी

पलटन के संग आया यूदस
करवाने येसु को गिरफ्तार
चंद चांदी के सिक्कों की खातिर
सौंपा गुरु को सहने अत्याचार

बांध के ले चले वे येसु को
पिलातुस के राज दरबार में
स्वर्गराज का था जो राजा
करने न्याय उसका इस संसार में

नगर प्रवेश पर किया स्वागत जिन्होंने
बिछाने राह में वस्त्र भी उतार दिये
फरीसियों के बहकावे में वही लोग
क्रूस मांग रहे थे येसु के लिये

आकर दबाव में किया येसु को
पिलातूस ने फरीसियों के हवाले
जो देने को अमानवीय यंत्रणा
अपने संग उनको ले चले

निर्वस्त्र कर कोडे बरसाये
थूका मुँह पर थप्पड़ मारे
सोने न दिया सारी रात उनको
करते रहे अपमानित उन्हें सारे

लाद भारी क्रूस काँधे पर सुबह को
ले चले येसु को वध–स्थल की ओर
भारी भीड़ भी चली साथ में उनके
विलाप करती मचाती शोर

टपकता था निर्बल शरीर से लहु
बोझ से गिर–गिर जाता था
कलेजे के टुकड़े की दुर्दशा को देख
आहें भरती थी दुःखित माता

कलवारी पहुंच वस्त्र बदन से उतारे
ठोंक दिये हाथ और पाँव में कीले
सजाया माथे पर कांटों का ताज
चुभते थे जिनके नोक नुकीले

टंगा था क्रूस पर सहते हुए पीड़ा
देख रहे थे सारे लोग जमा
कहा 'पिता' से 'नादान हैं ये'
'कर देना तू इन्हें क्षमा

तीन घण्टों तक सह असहनीय पीड़ा
'पूरा हुआ' कह छोड़े प्राण
छेद कर सैनिक ने भाले से बगल को
दिया उनकी मृत्यु का प्रमाण

मृत देह को उतार क्रूस से पहले
रखा शिष्यों ने माता की गोद में
प्रथानुसार फिर कर के विलेपित
एक नयी कब्र के आगोश में

कौन जन न होगा विचलित
सुन कर दुःखभोग का यह वृत्तान्त
करो ध्यान 'गर हो उद्वेलित
या फिर हो तुम्हारा मन अशान्त

— ग्रगरी फर्नाण्डीज 'राज'


St. Therese of Lisieux – "He is risen! His love is endless and His mercy knows no bounds."



LAMP LIGHTING AND OATH TAKING CEREMONY, ST. FRANCIS NURSING COLLEGE, AJMER



CONGRATULATIONS BRS. UJJWAL, ANUJ, AKASH ON RECEIVING THE MINISTRY OF ACOLYTE



EPISCOPAL ORDINATION ANNIVERSARY, 16th APRIL



FATHERS' DAY CELEBRATION, OUR LADY OF SEVEN DOLOURS' CHURCH, BHATTA



PILGRIMAGE TO ST. JUDE, JHANSI BY ST. PAUL'S CHURCH, VALLABHNAGAR



WOMEN'S DAY CELEBRATION, ST. MICHAEL'S CHURCH SUKET

ST. ANSELM'S SR. SEC. SCHOOL

RIICO Colony, Ambaji Road, Abu Road,
Rajasthan - 307026



Expanding Horizons with Exceptional Facilities

- Robotics & AI Coding
- Communicative English
- Smart Classrooms
- Abacus & Vedic Maths
- Experiential Learning
- Digital Library

Nursery to 12

6350160967 abuanselm@gmail.com

abuanselm abuanselm www.abuanselm.com

SCAN ME

Printed Matter
Edited and Published by :
Fr. Santhosh Francis
with Ecclesiastical Approval
FOR PRIVATE CIRCULATION

NAVEENTA DIOCESAN PASTORAL CENTRE
AJMER

Email ID : rajcallingajmer@gmail.com
If undelivered please return to :
THE EDITOR, (R.C.)
Pastoral Centre
Near Power House, Madar
Ajmer 305 024 (Raj.)